# University in News on 15 March 2024

## AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

### नॉर्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी कराटे में चमके लविवि के खिलाड़ी



चंडीगढ़ में हुई नॉर्थ जोन कराटे प्रतियोगिता में पदक जीतने वाले लविवि के खिलाड़ी। -संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्रों ने 9 से 14 मार्च के बीच चंडीगढ़ विश्वविद्यालय में हुई नॉर्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी कराटे प्रतियोगिता में धमाकेदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में टीम महिला काता वर्ग में लविवि की ज्योति रसाले, प्राची वर्मा, खुशी यादव और आर्षिका त्रिपाठी ने रजत पदक जीते, जबकि पुरुष टीम काता वर्ग में आशीष सिंह, जयभारत दुबे, ज्ञानेश कुमार सिंघल और रविशंकर की टीम ने रजत पदक जीता।

इसके अलावा कुमिते 67 किग्रा एकल वर्ग में लविवि के अरविंद पांडेय कांस्य जीतने में सफल रहे। इस प्रदर्शन के आधार पर लखनऊ विश्वविद्यालय की कराटे टीम के 21 खिलाड़ियों का चयन चंडीगढ़ विश्वविद्यालय में 16 से 19 मार्च तक होने वाली अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता के लिए भी किया गया।

लविवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय और क्रीड़ा परिषद के अध्यक्ष प्रो. रूपेश कुमार ने खिलाड़ियों के अलावा टीम कोच आकाश सोनकर को अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी।

### सोलर पैनल्स की होगी फास्ट चार्जिंग, मिलेगा लंबा बैकअप

#### भौतिक विज्ञान के असिस्टेंट प्रोफेसर ने किया शोध

विनीत चतुर्वेदी

**लखनऊ।** सोलर पैनल्स के जरिये अब कम समय की धूप से भी कई दिन के इस्तेमाल के लायक बिजली बन सकेगी। सब कुछ ठीक रहा तो भौतिक विज्ञान के असिस्टेंट प्रोफेसर व शोधार्थी डॉ. पंकज कुमार त्रिपाठी के शोध परिणामों से सोलर एनर्जी से बिजली बनाने व स्टोर करने की दिशा में क्रांति आ सकती है।

लखनऊ विवि के भौतिकी विभाग के प्रो. राजीव मनोहर के नेतृत्व में डॉ. पंकज त्रिपाठी ने सोलर पैनल्स में पारंपरिक सोलर सेल की जगह डाई सेंसिटाइज्ड सेल और डिस्कोटिक लिक्विड क्रिस्टल मटेरियल का इस्तेमाल किया है। इसके चौंकाने वाले परिणाम मिले हैं। अब सोलर पैनल्स के जरिए कम समय में ज्यादा और सस्ती बिजली बन सकेगी। साथ ही ज्यादा देर तक स्टोरेज भी हो सकेगी जिससे बैकअप देर तक मिलेगा।

#### कम धूप से भी कई दिन के इस्तेमाल के लायक मिलेगी सस्ती बिजली



डॉ. पंकज त्रिपाठी
असिस्टेंट प्रोफेसर

इसका मतलब है कि अब कम समय की धूप से भी कई दिन के इस्तेमाल के लायक सस्ती बिजली बनाई व स्टोर की जा सकेगी। इस शोध पर उप्र विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की मुहर भी लग चुकी है। शोध का प्रोटोटाइप अब इंडस्ट्रियल टेस्टिंग के फेज में है। डॉ. पंकज वर्तमान में शारदा स्कूल ऑफ बेसिक साइंस ग्रेटर नोएडा में भौतिकी के असिस्टेंट प्रोफेसर हैं। (संवाद)

#### उत्पादन का 25 प्रतिशत अकेले सौर ऊर्जा से

भारत में सौर ऊर्जा सूर्य के दिव्य और अक्षय ऊर्जा के स्रोत के अलावा विज्ञान और संस्कृति के संगम का भी नमूना है। आज वैश्विक बिजली उत्पादन का 25 प्रतिशत अकेले सौर ऊर्जा से हो रहा। सबसे सुरक्षित, हरित और भविष्य की ऊर्जा कहे जाने वाले सौर ऊर्जा को भारत में अब गांव-गांव में अपनाया जा रहा है।

#### अभी तक ऐसे बनती है सूरज से बिजली

सोलर पैनल्स में लगे सिलिकॉन सौर सेल, वोल्टिक प्रभाव से सूरज की ऊर्जा से सीधे बिजली बनाते हैं। इसे बनी बिजली को स्टोर करने को इलेक्ट्रोलाइट का इस्तेमाल करते हैं। अभी इसकी लागत डिस्कोटिक लिक्विड क्रिस्टल मटेरियल से ज्यादा है।

## HINDUSTAN PAGE 6

### एलयू में 12 अप्रैल से मूट कोर्ट प्रतियोगिता

**लखनऊ।** एलयू के विधि संकाय में 12 से 14 अप्रैल तक मूट कोर्ट प्रतियोगिता आयोजित करने का फैसला लिया गया है। लखनऊ यूनिवर्सिटी मूट कोर्ट एसोसिएशन की ओर से इंटर-कॉलेजिएट मूट कोर्ट प्रतियोगिता का आयोजन होगा। इसके मद्देनजर गुरुवार को पोस्टर अनावरण किया गया। संकायाध्यक्ष प्रो. बीडी सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता में विधि संकाय और सभी संबद्ध लॉ कॉलेजों के विद्यार्थी भाग लेंगे।

### एनईपी में दक्ष करने के लिए कार्यक्रम शुरू

**लखनऊ।** एलयू में नई शिक्षा नीति 2020 अभिविन्यास और संवेदीकरण कार्यक्रम की शुरूआत हुई। यूजीसी- मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र की ओर से आठ दिवसीय कार्यक्रम में हर दिन तीन घंटे एनईपी 2020 के कई प्रसंगों पर ऑनलाइन व्याख्यान होगा। पहले दिन दर्शनशास्त्र विभाग के प्रो. राकेश चंद्रा ने भारतीय ज्ञान पर बात की। 105 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

## AMRIT VICHAR PAGE 4

### प्रतियोगिता को लेकर पोस्टर का अनावरण

**अमृत विचार, लखनऊ:** लखनऊ यूनिवर्सिटी मूट कोर्ट एसोसिएशन लखनऊ विश्वविद्यालय के विधि संकाय में इंटर-कॉलेजिएट मूट कोर्ट प्रतियोगिता का आयोजन करने जा रहा है। इस प्रतियोगिता में विधि संकाय और लविवि के सभी संबद्ध लॉ कॉलेजों के छात्र-छात्राएं भाग लेंगे।

मंच में छात्र मेमोरियल राइटिंग और तर्क-वितर्क कौशल का प्रदर्शन करेंगे। वे अदालती तौर-तरीके और शिष्टाचार भी सीखेंगे। 12-14 अप्रैल तक आयोजित होने वाली प्रतियोगिता को लेकर पोस्टर का अनावरण फैकल्टी को - ऑर्डिनेटर प्रो. डॉ. बंशीधर सिंह ने किया। इनके साथ डॉ. राधेश्याम प्रसाद, प्रो. आरके सिंह, प्रो. आनंद विश्वकर्मा, प्रो. अहमद, प्रो. हरीश चंद्र मौजूद रहे। डॉ. बंशीधर सिंह ने बताया कि ये प्रतियोगिता ऑफलाइन माध्यम में आयोजित की जाएगी और पंजीकरण की अंतिम तिथि 25 मार्च है।

### विषम सेमेस्टर के परीक्षाफल घोषित

**अमृत विचार, लखनऊ :** लविवि प्रशासन द्वारा विषम सेमेस्टर के परीक्षाफल घोषित किए गए हैं। विषम सेमेस्टर की परीक्षाओं के परीक्षाफल विवि की वेबसाइट पर भी उपलब्ध हैं। इसमें एमए और एमएससी विषय शामिल हैं।

### 19 से होंगी मिड सेमेस्टर की परीक्षाएं

**अमृत विचार, लखनऊ :** लविवि में 19 मार्च से मिड सेमेस्टर की परीक्षाएं शुरू होने जा रही हैं। कॉमर्स विभाग के विभागाध्यक्ष का कहना है कि 19 और 20 मार्च को एमसीसीसी की परीक्षाओं के आयोजन होंगे। एमकॉम द्वितीय सेमेस्टर के परीक्षाओं के तीन दिनों तक आयोजन होंगे। चतुर्थ सेमेस्टर का भी आयोजन 19 और 20 को होगा।

### कराटे प्रतियोगिता में लविवि का दिखा दम-खम

**अमृत विचार, लखनऊ :** 9 से 14 मार्च को चंडीगढ़ विश्वविद्यालय में आयोजित नॉर्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी कराटे प्रतियोगिता में लखनऊ विश्वविद्यालय के 4 महिला और 5 पुरुष खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए रजत पदक प्राप्त कर विवि का नाम रोशन किया है। कराटे टीम के सभी 21 सदस्यों का चयन अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता के लिए भी हो गया है। प्रतियोगिता 16 से 19 को चंडीगढ़ विश्वविद्यालय में होगी।

### ऑनलाइन कार्यक्रम में नई शिक्षा नीति पर जोर

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय में नई शिक्षा नीति 2020 अभिविन्यास और संवेदीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग – मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र द्वारा आयोजित महत्वपूर्ण कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों को प्रशिक्षित करना है। तीन घंटे तक चली ऑनलाइन कार्यक्रम में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के विभिन्न प्रसंगों पर बल दिया जाएगा। कार्यक्रम में 105 प्रतिभागियों द्वारा पंजीकरण किया गया। सत्र में लखनऊ विश्वविद्यालय के अकादमिक एवं पूर्व विभागाध्यक्ष दर्शनशास्त्र विभाग के पूर्व अधिष्ठाता प्रोफेसर राकेश चंद्रा ने भारतीय ज्ञान परंपरा पर एक ओजस्वी व्याख्यान दिए। उन्होंने बहु विद्या, तत्व विद्या, आत्म विद्या आदि विषयों पर विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर ज्ञान के विभिन्न आयामों त्रयी, वार्ता, अन्वीक्षिकी एवं दंडनीति की भी चर्चा की गई। कार्यक्रम के दौरान 105 प्रतिभागियों ने अपना पंजीकरण कराया।

## JAGRAN CITY PAGE III

### परीक्षा परिणाम जारी

**लखनऊ :** लवि ने पीजी के सात कोर्सों में विषम सेमेस्टर परीक्षाओं के परिणाम गुरुवार को जारी कर दिए। इनमें एम.ए ए.आइ.एच (ग्रुप ए) प्रथम, एम.ए अंग्रेजी, एम.एससी न्यूट्रिशन व एम.एससी बायोकेमिस्ट्री तीसरे सेमेस्टर, एम.बी.ए तीसरे, पहले और बी.फार्मा पहले सेमेस्टर के परिणाम शामिल हैं। (जासं)